**THE WEST BENGAL COUNCIL OF RABINDRA OPEN SCHOOLING**

**MADHYAMIK PARIKSHA (SECONDARY EXAMINATION) DECEMBER, 2025**

# हिन्दी

**(Hindi)**

**(First Language)**

**Time: 3 Hours 15 Minutes** **Full Marks: 90**

## (General Instructions for the Examinees)

Candidates should write their Name, Roll No. and Registration No. in their respective answer scripts.

The first 15 Minutes are allotted for reading the question paper. Answers should be in brief and to the point.

Write correct question no. against each answer.

Special credit will be given for answers which are brief and to the point.

Marks will be deducted for spelling mistakes, untidiness and bad handwriting. In the right side the marks of questions are given.

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखिए ( *कोई बारह* ) : 1×12=12

(i) कबीर का पैतृक व्यवसाय क्या था?

(क) कुम्हार का　　(ख) जुलाहे का

(ग) बनिया का　　(घ) जूते बनाने का

(ii) सियारामशरण गुप्त किस विचारधारा के कवि थे?

(क) गांधीवादी　　(ख) लोहियावादी

(ग) समाजवादी　　(घ) समन्वयवादी

(iii) सूरदास का जन्म हुआ था—

(क) काशी में　　(ख) सीही में

(ग) मथुरा में　　(घ) मगहर में

(iv) मीरा ने किसके चरणों को स्पर्श करने की बात कही है?

(क) श्रीकृष्ण　　(ख) श्रीराम

(ग) इन्द्र　　(घ) महादेव

(v) 'पाहुन' का अर्थ क्या है?

(क) पथिक　　(ख) अतिथि (दामाद)

(ग) राही　　(घ) पुरोहित

(vi) 'इस जल प्रलय में'— किस विधा में लिखी हुई है?

(क) कहानी　　(ख) उपन्यास

(ग) नाटक　　(घ) रिपोतार्ज

(vii) तुलसीदास ने किस युग का वर्णन किया है?

(क) द्वापर युग　　(ख) त्रेता युग

(ग) कलियुग　　(घ) सत्ययुग

(viii) 'तनु' के माता-पिता कैसे व्यक्ति है?

(क) परम्परावादी　　(ख) आधुनिक

(ग) भौतिकतावादी　　(घ) शांतिप्रिय

(ix) गोवर्धनदास ने भीख में कितने पैसे कमाएं?

(क) आठ (ख) सात

(ग) दो (घ) दस

(x) 'नन्हा संगीतकार' कहानी है—

(क) मौलिक (ख) अनूदित

(ग) कारूणिक (घ) मनोवैज्ञानिक

(xi) वजीर अली का एक मात्र उद्देश्य था—

(क) अंग्रेजों को भारत से निकालना। (ख) लूट पाट

(ग) मार काट (घ) इनमें से कोई नहीं

(xii) रीतिकाल के काव्य में किस रस की प्रधानता है?

(क) वीर रस (ख) श्रृंगार रस

(ग) करूण रस (घ) शांत रस

(xiii) भारतेन्दु की काव्य-भाषा क्या है?

(क) अवधी (ख) ब्रज

(ग) भोजपुरी (घ) मगधी

(xiv) 'रामचरितमानस' किस तरह का काव्य है?

(क) प्रेम प्रधान काव्य (ख) मुक्तक काव्य

(ग) प्रबंध काव्य (घ) श्रृंगार प्रधान काव्य

(xv) सरोजनी नायडू की बेटी का नाम था—

(क) चंद्रमणि नायडू (ख) लीलामणि नायडू

(ग) तारामणि नायडू (घ) इनमें से कोई नहीं

(xvi) कवि पुष्प-पुष्प से क्या खींच लेना चाहता है?

(क) मिठास (ख) पराग

(ग) खुशबू (घ) तन्द्रालस लालसा

(xvii) कवि बिहारी के आश्रयदाता कौन थे?

(क) अकबर (ख) शिवाजी

(ग) जयसिंह (घ) रत्नसिंह

*अथवा,*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखिए ( *कोई बारह* ) : 1×12=12

(i) रहीम की जाति थी—

(क) हिन्दू (ख) ईसाई

(ग) तुर्कमान (घ) पारसी

(ii) कवि आदमी को अपने पास किस रूप में बुलाना चाहता है?

(क) प्यासे शिशु (ख) भूखे शिशु

(ग) नंगे शिशु (घ) बीमार शिशु

(iii) मानव को बचाकर रखना चाहिए—

(क) दौलत (ख) पानी

(ग) रूपया (घ) दोस्ती

(iv) निराला जी का जन्म हुआ था—

(क) 1897 ई. (ख) 1997 ई.

(ग) 1877 ई. (घ) 1927 ई.

(v) श्यामाचरण दूबे जी द्वारा रचित निबंध है—

(क) उपभोक्तावाद की संस्कृति (ख) विचार और वितर्क

(ग) पीछे मत फेंकिए (घ) मानव और संस्कृति

(vi) गुणाकर मुले किस भाषा के साहित्यकार है?

(क) गुजराती (ख) भोजपुरी

(ग) हिंदी (घ) बांग्ला

(vii) हामिद की दादी गद्‌गद् हो गई—

(क) मिठाई पाकर (ख) चिमटा पाकर

(ग) खिलौने पाकर (घ) रूपये पाकर

(viii) आर्य संस्कृति की दो महान देन क्या है?

(क) रवीन्द्र और गांधी (ख) विवेकानंद और सुभाष

(ग) रवीन्द्र और नेहरू (घ) सुभाष और गांधी

(ix) 'तुम लक्ष्मी का स्वागत कर आओ।' तुम शब्द किसके लिए प्रयोग हुआ है?

(क) रोशन (ख) माँ

(ग) सुरेन्द्र (घ) पिता

(x) आधुनिक शिक्षा पद्धति है—

(क) व्यावहारिक (ख) हानिकारक

(ग) अव्यावहारिक (घ) लाभकारक

(xi) 'दगाबाज' का शाब्दिक अर्थ बताइएं।

(क) धोखेबाज (ख) विश्वसनीय

(ग) अच्छा मित्र (घ) इनमें से कोई नहीं

(xii) महादेवी वर्मा किस धारा की लेखिका है?

(क) छायावाद (ख) प्रगतिवाद

(ग) प्रयोगवाद (घ) नकेनवाद

(xiii) 'प्रार्थना' कविता में कवि किससे प्रार्थना करता है?

(क) मानव से (ख) ईश्वर से

(ग) शासक से (घ) राजनेता से

(xiv) 'कर्मवीर' पाठ के लेखक है—

(क) हरिऔध जी (ख) अज्ञेय जी

(ग) गुप्त जी (घ) नवीन जी

(xv) दो भीम कपाट भारत के किस दिशा में है?

(क) पश्चिम में (ख) उत्तर में

(ग) पूरब-पश्चिम में (घ) उत्तर-पूरब में

(xvi) अश्क जी द्वारा रचित एकांकी है—

(क) दीप जलेगा (ख) पिंजरा

(ग) मन्टो मेरा दुश्मन (घ) चरवाहे

(xvii) पंत जी सुकुमार कवि है—

(क) प्रकृति के (ख) संगीत के

(ग) कविता के (घ) साहित्य के

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अधिकत्तम 20 – 25 शब्दों में लिखिए ( *कोई छः*): 2×6=12

(i) ''मेरी भवबाधा हरौ, राधा नागरि सोई।
जा तन की झाँई परत, स्यामु हरित दुति होई।।''
— प्रस्तुत पंक्ति किस पाठ से ली गई है? 'भवबाधा' का अर्थ बताइए। 1+1

(ii) तब मैं रथ का टूटा हुआ पहिया
उसके हाथों में
ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता है?
— पाठ का नाम बताइए। 'ब्रह्मास्त्रों' से क्या तात्पर्य है? 1+1

(iii) ''धन्य तुम, माँ भी तुम्हारी धन्य।
इस अतिथि से प्रिय तुम्हारा रहा संपर्क।।''
— वक्ता कौन है और वह किसे शुक्रिया अदा करता है? 1+1

(iv) रूपा और बुद्धिराम ने बूढ़ी काकी को क्या सजा दी?

(v) तनु की बात सुनकर मम्मी ने क्या प्रतिक्रिया जताई?

(vi) 'मृत्यु का तरल दूत' किसे कहा गया है और क्यों?

(vii) यदि ग्रीन लैण्ड का पूरा हिम पिघल जाए तो क्या होगा?

(viii) बनिए ने स्वयं को सजा से कैसे बचाया?

(ix) सआदत अली ने वजीर अली की पैदाइश को अपनी मौत क्यों कहा?

(x) गुरूदेव रवीन्द्रनाथ का विवाह कब और किसके साथ हुआ था?

*अथवा,*

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अनधिक 20 – 25 शब्दों में दीजिए ( *कोई छः*): 2×6=12

(i) ''अब लौ नसानी अब न नसैहो!
रामकृपा भवनिसा सिरानी जागे फिर न डसैहौ।''
— प्रस्तुत पद के रचनाकार कौन है? प्रस्तुत अंश की भाषा क्या है? 1+1

(ii) विनोबा जी की शिक्षा-पद्धति कैसी है?

(iii) संतो ने निन्दकों को क्या सलाह दी है?

(iv) ''रहीमन पानी राखिए, बिनु पानी सब सुन।
पानी गए न ऊबरै, मोती मानुष चुन।।''
—प्रस्तुत दोहा किस कवि की रचना है? प्रस्तुत अंश की भाषा क्या है? 1+1

(v) रवीन्द्रनाथ का जन्म कब और कहाँ हुआ था?

(vi) रोशन की माँ के अनुसार बच्चे की मृत्यु किस प्रकार हुई?

(vii) वर्तमान शोध के अनुसार आकाश में कुल कितने तारे है?

(viii) हमारे नैतिक मानदण्ड ढीले क्यों पड़ रहे है?

(ix) ''नहीं-नहीं प्रभु तुमसे
शक्ति नहीं माँगूंगा।''
—प्रस्तुत पंक्ति कहाँ से ली गई है तथा इसके रचयिता कौन है? 1+1

(x) निराला जी द्वारा रचित एक काव्य संग्रह और एक उपन्यास का नाम लिखिए। 1+1

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं '*नौ*' प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4×9=36

(i) ''सोभित कर नवनीत लिए
घुटुरनि चलत रेनु-तन-मंडित मुख दधि लेप किये।''
(क) यह काव्यांश कहाँ से उद्धृत है? कवि का नाम लिखिए।
(ख) रेणु-तन-मंडित का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 2+2

(ii) ''मेघ आए बड़े बन-ठन के सँवर के।
आगे-आगे नाचती-गाती बयार चली,
दरवाजे-खिड़कियाँ खुलने लगी गली-गली,
पाहुन ज्यों आए हो, गाँव में शहर में।''
(क) प्रस्तुत पंक्तियाँ किस भाषा में रचित है?
(ख) पंक्तियों का तात्पर्य स्पष्ट करें। 1+3

(iii) पठित पदों के आधार पर मीरा की भक्ति-भावना पर प्रकाश डालिए।

(iv) ''तुम चुपचाप लेटी रहो मैं पवित्र मोमबत्ती जलाती हूँ, तुम्हारे पास ज्यादा वक्त नहीं है, दूसरी दुनिया में जाने की तैयारी करो।''
(क) प्रस्तुत पंक्तियाँ किस पाठ से ली गई है?
(ख) प्रस्तुत पंक्ति के लेखक कौन है?
(ग) प्रस्तुत पंक्ति का संदर्भ स्पष्ट कीजिए। 1+1+2

(v) ''घर की चहारदीवारी आदमी को सुरक्षा देती है, पर साथ ही उसे एक सीमा में बाँधती भी है।''
(क) प्रस्तुत पंक्ति के रचयिता कौन है?
(ख) प्रस्तुत कथन का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए। 1+3

(vi) 'चलो, पानी कैसे घुस गया है वही देखना है।'
(क) प्रस्तुत कथन के वक्ता कौन है?
(ख) वक्ता पानी को लेकर इतना उत्सुक क्यों है? 1+3

(vii) 'जिंदगी और जोंक' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

(viii) 'रवीन्द्र और गांधी, संसार को आर्य संस्कृति की दो महान देन है। एक में उसके हृदय की सुकुमारता और दूसरे में उसकी आत्मा की तेजस्विता चमक रही है, दोनों इतने महान है।'

(क) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

(ख) इसके लेखक कौन है?

(ग) प्रस्तुत अंश का भाव स्पष्ट कीजिए। 1+1+2

(ix) 'मेरा उनसे मिलना एकाधिक बार हो चुका था, लेकिन संदर्भ पत्रकारिता का ही रहा था, यह बात उन्हें नहीं मालूम थी कि मैं कविता लिखता हूँ।'

(क) प्रस्तुत गद्यांश के रचनाकार कौन है?

(ख) कौन किससे एकाधिक बार मिला?

(ग) प्रस्तुत अंश की व्याख्या कीजिए। 1+1+2

(x) ''जहां न धर्म न बुद्धि नहिं, नीति न सुजान समाज।
ते ऐसहि आपहिं नसे, जैसे चौपट राज।''

(क) प्रस्तुत अंश किस पाठ का है?

(ख) उपरोक्त कथन किसका है?

(ग) इस अंश की व्याख्या कीजिए। 1+1+2

(xi) 'कारतूस' एकांकी में निहित संदेश को स्पष्ट कीजिए।

(xii) द्विवेदी युगीन साहित्य की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

*अथवा,*

टिप्पणी लिखिए (किन्हीं *दो* पर): 2+2

तुलसीदास, मीराबाई, अमीर खुसरो, नागार्जुन

*अथवा,*

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं '*नौ*' प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4×9=36

(i) ''मैं चाहता हूँ कोई मेरे पास भूखे शिशु की तरह आए।
कोई मथ डाले मेरे भीतर का समुद्र, और निकाल ले सारे रतन।।''

(क) प्रस्तुत पंक्तियाँ किस पाठ से ली गई है?

(ख) 'भीतर का समुद्र' से क्या तात्पर्य है?

(ग) प्रस्तुत अंश का भाव स्पष्ट कीजिए। 1+1+2

(ii) ''साधू ऐसा चाहिए जैसा सूप सुभाय।
सार-सार को गहि रहै, थोथा देइ उड़ाय।।''

(क) उपर्युक्त पंक्तियाँ कहाँ से ली गई है?

(ख) साधू कैसा होना चाहिए?

(ग) पंक्ति की व्याख्या कीजिए। 1+1+2

(iii) ''फैली खेतों में दूर तलक, मखमल की कोमल हरियाली।

लिपटी जिससे रवि की किरणें, चाँदी की भी उजली जाली।।''

(क) उपर्युक्त पंक्तियाँ किस पाठ से ली गई है?

(ख) खेतों में क्या फैली हुई है?

(ग) पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए। 1+1+2

(iv) 'निन्दा रस' का सारांश लिखिए।

(v) ''कवि लोग तो पुरातनकाल से ही असंख्य तारों की उपमा देते आए है।''

(क) प्रस्तुत अवतरण किस पाठ से लिया गया है?

(ख) कवि पुरातनकाल से किसकी उपमा देते आए है?

(ग) प्रस्तुत अंश का भाव स्पष्ट कीजिए। 1+1+2

(vi) 'लक्ष्मी का स्वागत' के आधार पर रोशन का चरित्र चित्रण कीजिए।

(vii) ईश्वर की प्रेमपूर्ण योजना का क्या रहस्य है?

(viii) क्या आपने कभी कोई पशु या पक्षी पाला है? उसके बारें में अपने अनुभव प्रस्तुत कीजिए।

(ix) ''यह मूक स्नेह था, खूब ठोस, रस और स्वाद से भरा हुआ?''

(क) प्रस्तुत पंक्ति किस पाठ से ली गई है?

(ख) इसके लेखक कौन है?

(ग) उपर्युक्त पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए। 1+1+2

(x) ''मानुष हौं तो वही रसखानि बसौं ब्रज गोकुल गाँव के ग्वारन।

जौ पसु हौं तौ कहा बस मेरो चरौ नित नंद की धेनु मंझारन।।''

(क) ये पंक्तियाँ कहाँ से उद्‌धृत हैं?

(ख) अगले जन्म में कवि मनुष्य होकर कहाँ बसना चाहता है?

(ग) उपर्युक्त पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए। 1+1+2

(xi) कवि ने 'हिन्दुस्तान' के जगह पर 'हिन्दुस्थान' शब्द का प्रयोग क्यों किया है? स्पष्ट करें।

(xii) 'भिक्षुक' कविता का मूल भाव अपने शब्दों में लिखें।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं *चार* प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5×4=20

(i) हिंदी में अनुवाद कीजिए :

Our country has six seasons in a year. Spring is one of them. It comes after winter and stays for a period of two months—from the middle of February to the middle of April. In this seasons, the weather is neither too hot nor too cold. With the advent of spring, Nature takes a lively and fresh look with new leaves and flowers. A gentle breeze blows from the south. Sometimes we can hear the sweet notes of a cuckoo from a nearby tree. Spring is a season of mirth and merriment. The great festivals of Saraswati Puja and Holi are observed in this very seasons. Thus we see that spring is a season of colour, fragrance and festivities. It is rightly called the 'King of Seasons'.

*अथवा,*

(i) भाव संक्षेपण (सारांश-लेखन) कीजिए :

''चीटी को देखो।
वह सरल विरल काली रेखा, तम के तागे से जो हिल-डुल।
चलती लधु पद-पल-पल मिल जुल, वह है पिपीलिका पाँति।
काम करती वह सतत, कन-कन करके चुनती अविरल।''

(ii) हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए उत्साहित करते हुए अपने छोटे भाई को एक पत्र लिखिए।

*अथवा,*

मासिक शुल्क की माफी के लिए अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए।

(iii) आपके मुहल्ले में हो रहे बिजली चोरी की रोकथाम के लिए बिजली विभाग को एक आवेदन लिखिए।

(iv) भाव पल्लवन कीजिए :

'आवश्यकता आविष्कार की जननी है।'

(v) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

हमारा गाँव आत्मनिर्भर नहीं है। कहीं-कहीं स्वास्थ्य शिक्षा तो छोड़िए, भोजन पानी की बुनियादी सुविधाएं भी नहीं है। इतनी असुविधाओं में जीवनयापन दुष्कर है। इसीलिए लोग गाँव छोड़कर शहरों की ओर आते हैं। वे विवशता में अपना घर छोड़ते है। कोई भी अपनी जड़ नहीं त्यागना चाहता। जड़ से कटकर लोगों में भावनात्मक खिन्नता भी आ जाती है। व्यक्तिगत रूप से मेरा मानना है कि हम सभ्य समाज में रहते हैं, इसलिए हमें अपने देश को गाँवों और शहरों में बाँटकर नहीं देखना चाहिए। इसके लिए यह भी जरूरी है कि हमारे जो भी संसाधन है, सुविधाएं या असुविधाएं, सीमाएं या उपलब्धियाँ है - उनका इस्तेमाल भी बराबरी से हो। यह नहीं कि शहरों में अधिक और गाँवों में कम। शहरों की पब्लिक मजे ले रही है और गांव के गण सभी गणतंत्र से दूर है। गाँव और शहर की यह दूरी पाटने के लिए हमें गाँवों की ओर ध्यान देना होगा।

(क) गाँवों से शहरों की ओर आने का प्रमुख कारण क्या है?

(ख) गाँवों और शहरों को बाँटकर न देखने के लिए क्या करना जरूरी हैं?

(ग) कोई भी अपनी जड़ नहीं त्यागना चाहता - इस कथन में 'जड़' से क्या तात्पर्य है?

(घ) गद्यांश का उपर्युक्त शीर्षक लिखिए। 1+1+1+2

*अथवा,*

(v) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(क) अपना उल्लू सीधा करना

(ख) कलम तोड़ना

(ग) छाती पीटना

(घ) एक अनार सौ बीमार

(ङ) घास छीलना

(vi) द्विगु समास और द्वन्द्व समास में क्या अंतर है?

(vii) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1×5=5

(क) संधि विच्छेद कीजिए — उल्लास

(ख) समास विग्रह कीजिए — प्रतिदिन

(ग) प्रत्यय पृथक कीजिए — बनावट

(घ) वर्तनी शुद्ध कीजिए — रामायन

(ङ) मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए — ईद का चांद होना।

**5.** किसी *एक* विषय पर निबंध लिखिए (अधिकत्तम 300 शब्दों में): 10×1=10

(i) साम्प्रदायिकता : एक अभिशाप

(ii) मोबाइल और विद्यार्थी

(iii) रूपये की आत्मकथा

(iv) राष्ट्र निर्माण में नारी का योगदान